(i) Printed Pages : 4 Roll No. ..................................

(ii) Questions : 8

Sub. Code : | 1 | 7 | 2 | 0 | 8 |

Exam. Code : | 0 | 0 | 0 | 3 |

# B.A./B.Sc. (General) 3rd Semester

# (2124)

# HINDI

## Paper : (Elective)

**Time Allowed : Three Hours]** **[Maximum Marks : 90**

नोट :— (1) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(2) निर्देशानुसार उत्तर दीजिए। भाषा की शुद्धता का ध्यान रखें।

1. (क) निम्नलिखित पद्यांशों में से किसी एक की प्रसंग-सहित व्याख्या कीजिए :

(i) हम कौन थे, क्या हो गए हैं, जान लो इसका पता,
जो थे कभी गुरु हैं, न उनमें शिष्य की भी योग्यता।
जो थे सभी से अग्रगामी, आज पीछे भी ? नहीं,
है दीखती संसार में विपरीतता ऐसी कहीं ?

(ii) मेरा कैसा गान,
न पूछो मेरा कैसा गान!
आज छाया वन वन मधुमास
मुग्ध मुकुलों में गँधोच्छ्वास;
लुड़कता तृण-तृण में उल्लास,

डोलता पुलकाकुल वातास;

फूटता नभ में स्वर्ण विहान,

आज मेरे प्राणों में गान। 8

(ख) जयशंकर प्रसाद की काव्यगत विशेषताएं लिखें।

अथवा

कवि निराला की कविता 'रानी और कानी' का सार लिखें। 10

2. (क) निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी एक की प्रसंग सहित व्याख्या करें :

आदमी से कलक्टर हो जाना यह आपकी लड़ाई थी जिंदगी में आप वकील थे। कलक्टर आपके लिए ईश्वर था।

अथवा

खुद हारकर, फिर अपने एक-एक अंग से लड़ने का नाटक। आत्मन से तेरा कोई संबंध नहीं। वह तुझसे तभी दूर गया, जब तू यहां घुसा। उसी के बाद ही मैं जन्मा हूं। आत्मन, गयादत्त, राजन, केजरीवाल–सब से अपने चारों ओर नकली लड़ाई का एक चक्रव्यूह....। 5

(ख) 'मिस्टर अभिमन्यु' नाटक के आधार पर विमल के चरित्र पर प्रकाश डालिए।

अथवा

'मिस्टर अभिमन्यु' नाटक का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए। 8

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए (प्रत्येक उत्तर के लिए शब्द-सीमा **50** है) :

(i) आज के अभिमन्यु की विवशता क्या है ?

(ii) आपकी दृष्टि से गयादत्त किस प्रकार का व्यक्ति है ?

(iii) लेखक ने नाटक के मुख्य पात्र को मिस्टर अभिमन्यु क्यों कहा है ?

(iv) सुमित्रा ने श्री राम को क्या कहकर उत्तेजित किया ?

(v) 'वाचाल' शीर्षक कविता के उद्देश्य पर प्रकाश डालें।

(vi) 'उद्बोधन' कविता का मूल भाव स्पष्ट करें। 3×3=9

4. रीतिकालीन विशेषताओं पर प्रकाश डालें।

अथवा

रीतिकाल के नामकरण की समस्या पर प्रकाश डालिए। 8

5. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दस प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(i) 'बंदा बैरागी' कविता के कवि कौन है ?

(ii) सिद्धार्थ की पत्नी का क्या नाम था ?

(iii) 'विषाद' कविता के कवि कौन है ?

(iv) प्रसाद की कविता 'श्रद्धा' किस महाकाव्य से ली गई है ?

(v) 'वाचाल' कविता में पुत्र को कौन-सा पक्षी अच्छा लगता है ?

(vi) गयादत्त किसकी हत्या करता है ?

(vii) राजन किस प्रकार का व्यक्ति है ?

(viii) मिस्टर अभिमन्यु नाटक के लेखक का नाम लिखें।

(ix) मिस्टर अभिमन्यु क्या कार्य करता है ?

(x) राजन के पिता क्या कार्य करते है ?

(xi) रीतिकाल का समय कब से कब तक माना जाता है ?

(xii) रीतिकाल में कितने प्रकार के काव्य की रचना हुई है ?

(xiii) कवि 'बिहारी' की प्रसिद्ध रचना का नाम लिखें।

(xiv) कवि 'केशव' की दो रचनाओं के नाम लिखें।

(xv) कवि 'घनानन्द' किस मुगल बादशाह के राजकवि थे ? 10

6. नाटक के तत्वों पर प्रकाश डालिए।

अथवा

नाटक का वर्गीकरण करें। 7

7. निम्नलिखित प्रश्नों के निर्देशानुसार उत्तर दीजिए :

(क) किन्हीं तीन शब्द-युग्मों का अंतर स्पष्ट कीजिए :

हंस–हँस, अवधी-अवधि, विष-विस, ग्रह-गृह।

(ख) व्यंजन संधि की सोदाहरण परिभाषा दीजिए।

(ग) किन्हीं तीन शब्दों में संधि-विच्छेद कीजिए :

विद्यालय, सूर्योदय, राजर्षि, महोत्सव।

(घ) निम्नलिखित किन्हीं तीन वाक्यों को शुद्ध कीजिए :

तेरे को उसने क्या कहा।

बच्चे ने झूठ बोली थी।

मैं अपने मित्र से मिला।

उसने हस्ताक्षर कर दिया।

(ङ) उचित स्थानों पर विराम-चिह्नों का प्रयोग करें :

मैं एक अल्प बुद्धि जीव हूं मुझमें इस महान कृति को यथोचित समझने की क्षमता तो नहीं पर जो कुछ समझ पाया हूं उससे इसी निष्कर्ष पर पहुंचा हूं कि वह सभी ग्रंथों में श्रेष्ठ है।

$3 \times 5 = 15$

8. निम्नलिखित दस तकनीकी शब्दों का हिन्दी में अनुवाद कीजिए :

Account, Agent, Bookfair, Cashier, Audit, Complaint, Despatch, Discipline, Grant, Initial, Minor, Offender, Reminder, Transfer, Warrant. 10